रविवार
25 दिसंबर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



सिक्किम सड़क हादसे में बामपाली गांव के प्रमोद भी हुए शहीद 2



## ये नरेंद्र मोदी की नहीं, अंबानी अडानी की सरकार है : राहुल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा शनिवार को दिल्ली के लाल किला पहुंची। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि ये नरेंद्र मोदी की सरकार नहीं, अंबानी अडानी की सरकार है। मैं 2,800 किमी चला, मुझे कहीं भी नफरत या हिंसा नहीं दिखी मगर मैं जब भी न्यूज चैनल खोलता हूं तो हमेशा नफरत-हिंसा दिखाई देती है। उन्होंने साथ ही कहा कि यह लोग देश में नफरत और डर फैला रहे हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ये आपका ध्यान इधर से उधर लेकर जाना चाहते हैं। जो सच्चे मुद्दे हैं उस पर आपका ध्यान गलती से भी नहीं चला जाए। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी ने मेरी छवि खराब करने के लिए हजारों-करोड़ रुपये लगा दिए। मैंने एक शब्द नहीं बोला क्योंकि मुझे देखना था इनमें कितना दम है।

**हिंदू धर्म में कहां लिखा है कि गरीबों को कुचला जाए?:** उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी हिंदू धर्म की बात करती है, लेकिन हिंदू धर्म में कहां लिखा है कि गरीबों को कुचला जाए? कमजोर लोगों को मारा जाए? राहुल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी कहते हैं कि बॉर्डर पर कोई नहीं आया तो सेना ने फिर 21 दौर की बात क्यों की? हमारी चीन ने 2 हजार स्कावर किलोमीटर जमीन कैसे हड़प ली? आपके सेलफोन और जूते पर पीछे लिखा दिखेगा कि मेड इन चाइना। हमें मेड इन इंडिया लिखना है। ऐसा दिन आना चाहिए है कि शंघाई में कोई जूता देखे तो उसे मेड इन इंडिया दिखे। इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा।



- राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली के लाल किला पहुंची कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा
- पीएम मोदी और बीजेपी ने मेरी छवि खराब करने के लिए हजारों-करोड़ रुपये लगा दिए

### किसान-छोटे व्यापारी ही दे सकते हैं रोजगार

राहुल गांधी ने कहा कि अगर इस देश को कोई रोजगार दे सकता है तो वो किसान और छोटे व्यापारी दे सकते हैं क्योंकि ये देश में लाखों हैं। ये लोग 24 घंटे लगे रहते हैं। इनके लिए बैंक के दरवाजे बंद रहते हैं। हिंदुस्तान के 2-3 अरबपतियों को 1 लाख करोड़, 2 लाख करोड़, 3 लाख करोड़ आसानी से दे दिया जाता है मगर ये (किसान और छोटे व्यापारी) बैंक के सामने जाते हैं तो इनको धकेलकर निकला दिया जाता है।

**कोरोना का खतरा: केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों में ऑक्सीजन प्लांट की सप्लाई सुनिश्चित करने को कहा**


# चुनौती के लिए पहले से तैयार रहें राज्य : केंद्र

**एजेंसी/नई दिल्ली**

चीन, अमेरिका और जापान सहित तमाम देशों में कोरोना का कहर बढ़ने के साथ ही भारत में भी खतरे की घंटी बज चुकी है। केंद्र सरकार ने एहतियात कदम उठाने शुरू कर दिए है। सरकार की कोशिश है कि देश में एक बार फिर से दूसरी लहर जैसे हालात ना पैदा हों। सरकार का पूरा फोकस उन चीजों पर है, जहां पिछली बार चूक हो गई थी। दूसरी लहर के दौरान देश के सामने सांसों का संकट खड़ा हो गया था। देशभर में ऑक्सीजन की भारी किल्लत देखने को मिली थी। ऑक्सीजन के अभाव में हजारों लोगों ने दम तोड़ दिया था। इस बार ऐसी स्थिति पैदा ना हो इसके लिए तैयारी शुरू हो चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को चिट्ठी लिखकर ऑक्सीजन सप्लाई और PSA ऑक्सीजन प्लांट्स के रखराव करने के निर्देश दिए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों को चिट्ठी लिखकर अलर्ट किया है कि अपने-अपने राज्यों में ऑक्सीजन प्लांट की सप्लाई सुनिश्चित करें। केंद्र ने अपने लेटर में कहा, देश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार बेहद धीमी है और स्थिति काबू में है। इसके बावजूद हमें आने वाली चुनौती के लिए पहले से ही तैयार रहना चाहिए। राज्य सरकारों को निर्देश दिए गए हैं कि वो अपने राज्यों में ऑक्सीजन प्लांट चेक करें कि वह सभी फंक्शनल हों और उनकी मॉक ड्रिल समय समय पर शुरू कर दें। लिक्विड ऑक्सीजन की सप्लाई भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता और उनकी रिफिलिंग के लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

**कोरोना से निपटने के लिए हर संभव प्रयास में जुटी सरकार** | **सरकार का फोकस उन पर है, जहां पिछली बार चूक हुई थी**



### विदेश से आने वाले यात्रियों की कोरोना जांच शुरू

चीन में कोरोना से बेकाबू होते हालात को देखते हुए शनिवार को केंद्र सरकार ने आदेश दिया कि उन देशों के यात्रियों का आरटी-पीसीआर जांच जरूर किया जाए, जहां कोरोना संक्रमितों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस बात की जानकारी शनिवार को ट्वीट करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने दी। उन्होंने अपने ट्वीट में जानकारी देते हुए लिखा कि दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर चीन, हांगकांग, बैंकॉक, जापान, साउथ कोरिया सहित विदेश से आने वाले यात्रियों का कोरोना का सैम्पल टेस्ट चालू कर दिया गया है।

### ऑक्सीजन कंट्रोल रूम को फिर से सक्रिय किया जाए

केंद्र सरकार की ओर से जारी किए गए निर्देशों में कहा गया है कि राज्य स्तर पर ऑक्सीजन कंट्रोल रूम को फिर से सक्रिय किया जाए और ऑक्सीजन से संबंधित मुद्दों और चुनौतियों को त्वरित समाधान किया जाए। इसके अलावा दैनिक ऑक्सीजन की मांग और खपत की भी निगरानी करने का निर्देश जारी किया गया है।

### लाइफ सपोर्ट सिस्टम भी दुरुस्त करें सरकारें

केंद्र ने कहा है कि आगामी चुनौती से निपटने के लिए सभी राज्य सरकारें अस्पतालों में लाइफ सपोर्ट सिस्टम जैसे- वेंटीलेटर्स की व्यवस्था को दुरुस्त करें। इसके अलावा ऑक्सीजन सिलेंडर और उनकी रीफिलिंग के लिए बैकअप स्टोरेज की व्यवस्था करने को भी कहा गया है।

### न्यू ईयर के जश्न के बीच कोरोना फैलने का खतरा

सरकार की असल चुनौती क्रिसमस और न्यू ईयर का जश्न बना हुआ है। क्रिसमस और न्यू ईयर को लेकर लोगों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे की कोरोना के फैलने का खतरा अधिक होगा। ऐसे में एयरपोर्ट पर अलर्ट और भीड़ वाले इलाकों में एहतियात से ही हालात बिगड़ने से बचा जा सकता है। इसके लिए सरकार के साथ ही आम आदमी को भी सचेत रहने की जरूरत है।

## सीएम नीतीश के निर्देश... कोरोना जांच बढ़ाएं, टीकाकरण में तेजी लाएं

**केटी न्यूज/पटना**

चीन, जापान, अमेरिका समेत अन्य देशों में तेजी से बढ़ते कोरोना के मामले को देखते हुए शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि कोरोना को लेकर राज्य सरकार शुरू से गंभीर और संवेदनशील है। राज्य में आज की तिथि में कोरोना का एक्टिव केस शून्य है, घबराने की कोई जरूरत नहीं है। लोग सचेत और सजग रहें।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग कोरोना को लेकर पूरी तरह अलर्ट रहे। बाहर से आने वाले लोगों की रैंडम जांच कराएं। कोरोना जांच की संख्या और बढ़ाने के साथ-साथ टीकाकरण कार्य में भी तेजी लायें। अस्पतालों में दवा के साथ-साथ ऑक्सीजन की उपलब्धता पर्याप्त रखे। ऑक्सीजन प्लांट पूरी तरह फंक्शनल रखें। अस्पतालों में इलाज की पूरी व्यवस्था रखें। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बड़ी चिंता: मेरठ में एक 5 साल का बच्चा कोरोना संक्रमित

**एजेंसी/मेरठ**

मेरठ में एक 5 साल का बच्चा कोरोना संक्रमित मिला है। बच्चा मेरठ के न्यूटिमा अस्पताल में भर्ती है। हालत इतनी गंभीर है। उसे वेंटिलेटर पर शिफ्ट करना पड़ा है। उसके सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए दिल्ली लैब भेजा गया है। बच्चे के कोरोना संक्रमित मिलने के बाद मेरठ के स्वास्थ्य विभाग ने नए सिरे से अलर्ट जारी किया है।

बच्चा 22 दिसंबर को अस्पताल में भर्ती हुआ। उसकी उम्र 5 साल है। बच्चा मूल रूप से बिजनौर का रहने वाला है। काफी दिन से बच्चे को न्यूमोनिया की समस्या है। परिजनों ने पहले बिजनौर में ही रहकर इलाज कराया। जब बच्चा ठीक नहीं हुआ तो उसे मेरठ रेफर किया गया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित उपाध्याय के अनुसार,?बच्चे की हालत खराब है। इसलिए वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया है। बच्चे में सारे लक्षण कोरोना वाले हैं। बच्चे की आरटीपीसीआर रिपोर्ट में कोविड पॉजिटिव निकला है।

**खबरें फटाफट**

### अस्पताल से घर लौटे लालू प्रसाद

**नई दिल्ली।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद अस्पताल से अपनी बेटी रोहिणी आचार्या के घर आ गए हैं। उन्हें सिंगापुर के माउंट एलिजाबेथ अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। रोहिणी सिंगापुर में ही रहती हैं। 5 दिसंबर को उनका किडनी ट्रांसप्लाट सिंगापुर के अस्पताल में हुआ था। उनकी बेटी रोहिणी आचार्या ने उन्हें किडनी डोनेट किया है। लालू प्रसाद और रोहिणी आचार्या दोनों की ब्लड ग्रुप भी एक ही है। रोहिणी आचार्या तो ऑपेशन के सप्ताह भर के अंदर अस्पताल से घर आ गईं लेकिन लालू प्रसाद को 19 दिन बाद अब छुट्टी मिली है। जानकारी है कि लालू प्रसाद की सेहत में सुधार है और वे टलहने भी लगे हैं।

### सड़क हादसे में पटना के युवक की मौत

**आरा।** आरा-बक्सर फोरलेन पर शाहपुर के समीप शुक्रवार की देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार पटना के एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। नीलगाय से टकराने के बाद सड़क पर गिरे युवक को किसी वाहन द्वारा रौंद डाला गया। उसमें घटनास्थल पर ही उसकी ही मौत हो गयी। मृतक पटना जिला के चौक थाना क्षेत्र के पटना सिटी निवासी मो.फारुख का पुत्र मो. फैयाज बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार युवक किसी काम से बक्सर गया था। शुक्रवार की देर रात वह बाइक से वापस पटना लौट रहा था। उसी दौरान आरा-बक्सर फोरलेन पर शाहपुर के समीप उसकी बाइक नीलगाय से टकरा गई।

## तेजस्वी यादव के करीबी की वैशाली में गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

वैशाली जिला मुख्यालय हाजीपुर में सदर थाना क्षेत्र के केदार चौक पर शनिवार की सुबह-सुबह किराना दुकान खोल कर बैठे बजली कंपनी के कर्मी को बाइक सवार दो अपराधियों ने गोलियों से छलनी कर दिया। मृतक अजय कुमार तिवारी सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनता दल से जुड़े और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के करीबी बताए जाते हैं। अजय के परिजनों ने बताया कि केदार चौक के पास ही दुकान पर बैठे उसके पिता महेश तिवारी की चार साल पहले अपराधियों ने इसी तरह गोली मारकर हत्या कर दी थी।

जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार तीन अपराधी ग्राहक बनकर दुकान में पहुंचे और सिरगेट मांगने लगे। दुकानदार का ध्यान बंटा और उसके बाद लगातार गोलियों की आवाज सुन लोग दौड़े, मगर तबतक अजय के सिर में लगी गोली ने जान ले ली थी। बताया जाता है कि सब डिविजनल बिजली ऑफिस में कार्यरत अजय की ही यह दुकान भी है।

### चार सीने पर, एक गोली सिर में मारी

सदर थाना क्षेत्र के मीनापुर राई गांव निवासी स्व. महेश तिवारी के 55 वर्षीय पुत्र अजय कुमार तिवारी को पांच गोली मारी गई। इसमें से चार गोली सीने पर, जबकि एक सिर पर मारी गई है। अजय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## मोतिहारी से वायरल किए गए थे बिहार एसएससी के प्रश्न पत्र

**केटी न्यूज/पटना**

सचिवालय सहायक की परीक्षा के कथित लीक प्रश्न पत्र मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने बड़ी कार्रवाई की। बिहार कर्मचारी चयन आयोग की ओर से शुक्रवार को आयोजित परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो गया था। शुक्रवार को परीक्षा शुरू होने के घंटे भर बाद ही प्रश्न पत्र वायरल होने लगा। एसएससी का प्रश्न पत्र 11 बजे लोगों के मोबाइल पर आने लगा। परीक्षा समाप्ति के बाद जब वायरल प्रश्नपत्र का मिलान किया गया तो साबित हुआ की प्रथम पाली का प्रश्न पत्र वायरल हुए थे। इसके बाद बिहार कर्मचारी आयोग ने जांच का जिम्मा आर्थिक अपराध इकाई को सौंप दी।

जांच की जिम्मेदारी संभालते ही आर्थिक अपराध इकाई ताबड़तोड़ छापेमारी में जुट गई है। EOU की टीम प्रश्न पत्र कहां से वायरल हुआ, यहां तक करीब करीब पहुंच गई है। पटना से गई ईओयू की टीम ने मोतिहारी में कई लोगों से पूछताछ की है। इसके बाद रात में कई ठिकानों पर छापेमारी की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जांच टीम ने मोतिहारी के एक परीक्षा केंद्र को चिन्हित किया है। उसी सेंटर से एक परीक्षार्थी द्वारा प्रश्न पत्र वायरल किये जाने की संभावना है। इसके बाद टीम ने उक्त परीक्षा केंद्र के हॉल में तैनात एक शिक्षक को रात में ही हिरासत में ले लिया है। पकड़े गए शिक्षक से जांच टीम पूछताछ में जुटी है।

### ईओयू ने मोतिहारी के एक शिक्षक को लिया हिरासत में

## 10 साल पुराने आधार कार्ड को कराना होगा अपडेट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सरकार ने आधार कार्ड से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। जानकारी के मुताबिक, अब आधार कार्ड में लगाए गए दस्तावेजों को 10 साल बाद अपडेट कराना होगा। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने उन आधार धारकों से इस बाबत आग्रह भी किया है, जिन्हें 10 साल पहले विशिष्ट पहचान जारी की गई थी और जिन्होंने अपने रिकॉर्ड को इन 10 सालों में कभी अपडेट नहीं किया। यूआईडीएआई ने इसे लेकर एक बयान भी जारी किया है। यूआईडीएआई ने बयान में कहा कि आधार धारक सहायक दस्तावेज (पहचान का प्रमाण और पते का प्रमाण) अपलोड करके या तो माई आधार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन या ऑफलाइन आधार केंद्र पर जाकर अपने विशिष्ट आईडी रिकॉर्ड को अपडेट कर सकते हैं।

**नामांकन की तारीख से हर 10 साल पूरे होने पर कराना होगा अपडेट:** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के मुताबिक, आधार अपडेट होने से केंद्रीय पहचान डाटा भंडार में संबंधित जानकारी की सटीकता सुनिश्चित होगी। आधार धारक आधार के नामांकन की तारीख से हर 10 साल पूरे होने पर कम-से-कम एक बार पहचान और निवास प्रमाण पत्र वाले दस्तावेजों को अपडेट करा सकते हैं।

**अक्तूबर में भी लोगों से की थी यह अपील:** आधार संख्या जारी करने वाले भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने अक्तूबर के महीने लोगों से आग्रह किया था कि अगर उन्हें आधार संख्या लिए 10 साल से अधिक हो गए हैं और उन्होंने संबंधित जानकारी का दोबारा अपडेट नहीं कराई है, तो वे पहचान और निवास प्रमाण दस्तावेजों को अपडेट कराएं।



### ऐसे और इन दस्तावेजों को करें अपडेट

- माई आधार पोर्टल और माई आधार एप के माध्यम से ऑनलाइन अपडेशन किया जा सकता है।
- आधार नामांकन केंद्र पर यह सुविधा उपलब्ध।
- आधार धारक पहचान प्रमाण-पत्र और निवास प्रमाण-पत्र अपडेट कर सकते हैं, इनमें नाम और फोटो का होना अनिवार्य है।



## खबरें फटाफट

### शेरशाह सूरी के मकबरे में होगा लेजर शो

**सासाराम।** जिले में पर्यटन के विकास को लेकर समाहरणालय में शनिवार को उप विकास आयुक्त शेखर आनंद की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें जिले के पर्यटन स्थलों के लिए ठोस विकास योजनाओं पर चर्चा हुई। ऐतिहासिक शेरशाह के मकबरे पर लेजर शो शुरू करने पर सहमति बनी। डीडीसी ने बताया कि देश के अनेक ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों पर लेजर शो का आयोजन होता है, इस क्रम में ऐतिहासिक शेरशाह मबरे पर लेजर शो का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा जाएगा। बैठक के दौरान रोहतासगढ़ किला परलाइट एंड साउंड शो, पैराग्लाइडिंग का प्रस्ताव सरकार को भेजने पर चर्चा हुई। किले पर शौचालय, पार्किंग एवं भोजनालय निर्माण का भी प्रस्ताव तैयार किया गया। इसके अलावे तुतला भवानी में शौचालय, भोजनालय, सड़क की व्यवस्था व एक और हैंगिंग ब्रिज बनाने की बात हुई। गुप्ताधाम में वेंटीलेटर, भोजनालय, शौचालय व पार्किंग एवं अलावल खां मकबरा के सौंदर्यीकरण को लेकर कार्ययोजना बना विभाग को भेज जा रहा है। इनके कार्यन्वयन करने से पर्यटन के विकास के साथ रोजगार सृजन की संभावना भी बढ़ेगी।

### निकाय चुनाव को लेकर एसपी ने की बैठक

**सासाराम।** जिले में नगर निकाय चुनाव के द्वितीय चरण को ले एसपी आशीष भारती ने शनिवार को सासाराम नगर निगम तथा चेनारी नगर पंचायत क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक निर्देश दिए। सासाराम नगर थाना में आयोजित बैठक में शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष चुनाव कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। एसपी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में आवश्यक कार्रवाई करें। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखें, ताकि वे किसी भी प्रकार की अपराधिक घटना को अंजाम ना दे पाए। थानाध्यक्षों व पुलिस पदाधिकारियों से एसपी ने कहा कि शराब और अवैध बालू कारोबार के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जानी रखें। अवैध कारोबार में संलिप्त चाहे जो भी हो उसे बख्शा नहीं जाएगा। थानाध्यक्षों को लंबित कांडो के निष्पादन, असामाजिक तत्वों व आपराधिक तत्वों पर निगरानी रखने को कहा गया ताकि शांतिपूर्ण चुनाव में कोई खलल ना हो। दूसरे चरण में आगामी 28 को 6 नगर निकायों में चुनाव होना है। इसमें नगर निगम, सासाराम एवं बिक्रमगंज नगर परिषद के साथ चार नगर पंचायतों में चुनाव होना है। जिसमें नगर पंचायत चेनारी, नगर पंचायत कोचस, नगर पंचायत दिनारा एवं नगर पंचायत काराकाट में चुनाव होना है।

# सलाहः मरीजों को फाइलेरिया का प्रभाव कम करने के लिए किट का प्रयोग जरूरी

**केटी न्यूज/पटना**

- फुलवारीशरीफ सीएससी में हुआ जिले के पहले एमएमडीपी क्लिनिक का शुभारंभ

फाइलेरिया के हाथीपांव मरीजों के लिए अच्छी खबर है। अब उनके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माबीर्डीटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रीवेंशन (एमएमडीपी) क्लिनिक खोली जा चुकी है। शनिवार को फुलवारीशरीफ प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिले का पहले एमएमडीपी क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद एवं प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरके चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर क्लिनिक का उद्घाटन किया। मौके पर डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने बताया कि फाइलेरिया एक वेक्टर जनित बीमारी है, जो मच्छर के काटने से फैलती है। इस क्रम में पीएचसी स्तर पर मौजूद फाइलेरिया मरीजों के साथ अन्य मरीजों के बीच फाइलेरिया को लेकर लक्षणों की पहचान, इलाज व बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही, मरीजों के बीच फाइलेरिया से संबंधित उपचार विधि और व्यायाम की जानकारी दी गई। इस दौरान एमओआईसी डॉ. आरके चौधरी, बीएचएम शिप्रा सिंह चौहान, बीसीएम अंबिका कुमार सहित 26 उपचाराधीन फाइलेरिया रोगी मौजूद रहे।


मरीज का पांव धोकर डेमो दिखाते स्वास्थ्य कर्मी

**9 मरीजों को बांटी गयी एमएमडीपी किटः** एमएमडीपी क्लिनिक के उद्घाटन के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया मरीजों की जांच की गयी। कुल 9 मरीजों की जांच की गयी और उन्हें एमएमडीपी किट प्रदान की गयी। जिला वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल ऑफिसर डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने मरीजों को किट का इस्तेमाल करके बताया और कहा कि किट में मरीजों को बाल्टी, मग, टब, सूती तौलिया, साबुन व एन्टी फंगल क्रीम दी जाती है। डॉ. सुभाष ने बताया कि मरीजों को किट के प्रयोग की विधि जाननी बेहद जरूरी होती है। जिले का पहला एमएमडीपी क्लिनिक खुलने से जिले में फाइलेरिया मरीजों के उपचार में मदद मिलेगी।

**हर मंगल को फाइलेरिया मरीजों के लिए खास ओपीडी का होगा संचालन :** फुलवारीशरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरके चौधरी ने कहा कि क्लिनिक में फाइलेरिया मरीजों के उपचार के साथ उनकी काउंसिलिंग भी की जाएगी। क्लिनिक में सभी फाइलेरिया मरीजों को हर संभव सुविधा प्रदान की जाएगी और इसके लिए सभी जरुरी तैयारी कर ली गयी है। हर मंगलवार को फाइलेरिया मरीजों के लिए खास ओपीडी का संचालन किया जायेगा। उन्होंने उपस्थित फाइलेरिया मरीजों से अपने घर एवं आस पास के लोगों को क्लिनिक के बारे में जानकारी देने को कहा और लोगों से विनती करते हुए कहा सभी लोग संदिग्ध फाइलेरिया रोगियों को क्लिनिक में आकर जांच एवं उपचार कराने के लिए प्रेरित करें।

**संक्रमण के पश्चात बीमारी होने में पांच से 15 वर्ष लग सकते हैं :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है। जिससे किसी भी उम्र के व्यक्ति फाइलेरिया से संक्रमित हो सकता है। संक्रमण के पश्चात बीमारी के लक्षण दिखाई देने में 5 से 15 वर्ष लग सकते हैं। उन्होंने बताया, फाइलेरिया मुख्यतः मनुष्य के शरीर के चार अंगों को प्रभावित करता है। जिसमें पैर, हाथ, हाइड्रोसील एवं महिलाओं का स्तन शामिल हैं। हाइड्रोसील के अलावा फाइलेरिया संक्रमित अन्य अंगों को ऑपरेशन द्वारा ठीक नहीं किया जा सकता है। संक्रमित व्यक्ति को समान्य उपचार के लिए किट उपलब्ध कराई जाती है, जबकि हाइड्रोसील फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा मुहैया कराई जाती है।

### शहीद की खबर से गांव में मातम, पैतृक गांव में पार्थिव शरीर पहुंचने का इंतजार

# सिक्किम सड़क हादसे में देश प्रेम के जज्बे के साथ बामपाली गांव के प्रमोद भी हुए शहीद

- शहीद के भाई ने कहा- बचपन से ही देश प्रेम की बातें करता था प्रमोद, पूरा कर लिया अपना जीवन

**केटी न्यूज/आरा**

सिक्किम के जेमा में शुक्रवार को सड़क हादसे में भोजपुर का जांबाज जवान प्रमोद कुमार भी शहीद हो गया। 32 वर्षीय प्रमोद कुमार सिंह भोजपुर के उदवंतनगर प्रखंड के बामपाली गांव के रहने वाले रिटायर फौजी कलक्टर सिंह के पुत्र थे। उनकी शहीद होने की खबर से समूचे गांव में मातम पसर गया है। शहीद के दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ उनके घर जुटने लगी थी। हालांकि शनिवार की रात तक उनका पार्थिव शरीर उनके घर नहीं पहुंच सका था। अब रविवार की सुबह पार्थिव शरीर गांव आने की उम्मीद है। ऐसे में शनिवार को पूरे दिन लोग अपने चहेते लाल का इंतजार करते रहे। इधर, उनके बड़े भाई अजय सिंह ने बताया कि प्रमोद सचमूच का मां भारती का बेटा था। उसने अपना सपना पूरा कर लिया। बचपन से देश प्रेम की बातें करता था। उसे सेना में जाने और देश की सेवा करने का शौक था। पिता को सेना की बर्दी में देख वह हमेशा कहा करता था कि एक दिन वह भी उसे पहनूंगा। उस सपने को उसने पूरा कर लिया। देश प्रेम के जज्बे के साथ ही वह शहीद हो गया। जानकारी के अनुसार आरा शहर से सटे बामपाली गांव निवासी प्रमोद कुमार सिंह सेना में थे। वह फिलहाल सिक्किम में तैनात थे। शुक्रवार की सुबह सेना का वाहन ड्यूटी के लिए 20 जवानों को जा रहा था। उसी बीच लाचोन से 15 किमी दूर जेमा इलाके में वाहन तीखे मोड़ के पास फिसल गहरी खाई में जा पलटी। हादसे में वाहन पर सवार प्रमोद कुमार सिंह सहित 16 जवान शहीद हो गये। जबकि चार जवानों की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है।


सूचना मिलने के बाद चर्चा करते ग्रामीण


शहीद प्रमोद की फाइल फोटो

### टीवी देख रहे परिजनों को मिली हादसे की खबर

जवान प्रमोद के शहीद होने की सूचना शुक्रवार कीशाम करीब 5 बजे उनके परिजनों को फोन से मिली। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। घर में फिलहाल जवान प्रमोद की बुढ़ी मां गुलाबझारो देवी, सेना से रिटायर पिता कलक्टर सिंह के अलावे बड़े भाई अजय सिंह और भाभी सविता देवी रहती हैं। प्रमोद की पत्नी नीरमा देवी अपने दो बच्चों के साथ देहरादून में रहती हैं। उनके दोनों बच्चों देहरादून के सैनिक स्कूल में पढ़ते हैं। बड़े भाई अजय सिंह ने बताया कि शनिवार की शाम टीवी देख रहे थे। तभी सिक्किम में हादसे में 16 जवानों के शहीद होने की सूचना मिली थी। बहुत दु:ख भी हुआ था। तब उन्हें नहीं पता था कि उनका भाई भी उन शहीदों में शामिल है। उसके कुछ देर बाद सेना की ओर से हादसे की सूचना दी गयी।

### 2011 में दानापुर में सेना में बहाल हुये थे प्रमोद

बामपाली गांव निवासी प्रमोद कुमार सिंह चार भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। उनके घर में बड़े भाई अजय सिंह, बहन बिंदू, सिंधू, पिता और माता हैं। वह 2011 में दानापुर में सेना में भर्ती हुये थे। उनकी पहली पेस्टिंग अरुणाचल प्रदेश में हुई थी। प्रमोद सेना के 221 एफडी रेजीमेंट का हिस्सा थे। कुछ दिनों पहले वह देहरादून में पोस्टेड थे। तब से उनकी पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ देहरादून में ही रहती है। प्रमोद की शादी 2014 में बसंतपुर की रहने वाली नीरमा कुमारी के साथ हुई थी। दोनों से एक बेटा 8 वर्ष का नक्ष और छोटी बेटी 6 वर्ष की नायरा है। दोनों फिलहाल अपनी मां के साथ देहरादून में रहती हैं। अब हमेशा के लिये दोनों मासूमों से पापा का प्यार छीन चुका है। अब नीरमा पर दोनों बच्चों के परवरिश की जिम्मेदारी आ गई है।

**साले की शादी में करीब 20 दिन पहले ही छुट्टी आये थे प्रमोद :** प्रमोद सिंह करीब बीस रोज पहले ही छुट्टी पर गांव आये थे। तब दस दिन गांव पर रहे थे। बताया जा रहा है उनके साले की शादी थी। उसी में भाग लेने के लिए वह छुट्टी लेकर आये थे। भाई अजय सिंह बता रहे थे कि प्रमोद 20 दिन पहले ही तो करीब 10 दिन की छुट्टी पूरी कर ड्यूटी पर गया था। वह जब भी छुट्टी पर आता था, तब देहरादून अपने बच्चों के पास से होकर घर पर आता था। अभी एक दिन पहले फोन से उनकी बात हुई थी। तब वह मां-बाबूजी का सामाचार पूछ रहा था। सबसे बात हुई थी। अब उसके शहीद होने के बाद पुरे परिवार का बोझ अजय पर ही है। ऐसे में अंदर से रो रहे हैं, लेकिन पुरे परिवार को संभाल भी रहे हैं। शहीद प्रमोद सिंह का पार्थिव शरीर घर आने तक बीमार बूढी मां, पिता और भाभी को मौत की जानकारी नहीं दी गयी थी। मां गुलाबझारो को कई बीमारियां है। इसे लेकर नाते-रिश्तेदार के बहनों और मामा, बुआ को घर आने से रोक आरा किसी के डेरा, किसी को कही पर रखा गया था। ताकि मौत की खबर मां को पता न चले। हालांकि बूढी मां बार-बार सभी लोगों से अपने लाल के सामाचार पूछ रही थी। उन्हें बताया गया था कि बस दुर्घटनागस्त हे गई है।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

**जहानाबाद।** जिला उपभोक्ता आयोग के प्रांगण में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष, प्रेम रंजन मिश्रा एवं सदस्य अरविन्द कुमार सिंह, सदस्या विभा कुमारी सिन्हा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वृक्षा रोपण एवं उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और उपभोक्ताओं को बताया गया कि अब पांच लाख रुपए तक के वाद को बिना कोर्ट फिस के दायर किया जा सकता है। जिला आयोग में पचास लाख रुपए तक का वाद दायर किया जा सकता है।

साथ हीं उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर उपभोक्ताओं के अधिकार को सशक्त बनाने के लिए उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 को लाया गया है, इस कानून के दायरे में ऑनलाईन शॉपिंग कम्पनीयों को भी लाया गया है। क्योंकि आज 30 प्रतिशत मार्केटिंग ऑनलाइन हीं किया जा रहा है। साथ हीं भ्रामक प्रचार-प्रसार के लिए दस लाख से पचास लाख रुपए तक का जुमार्ना और एक वर्ष से तीन वर्ष तक जेल का भी प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम में विद्वान अधिवक्तागण बिन्दु भुषण प्रसाद, अनिल कुमार मिश्र, राजीव कुमार, रितेष सिन्हा, अकलेष कुमार सिंह, नवीन कुमार, श्याम बिहारी शर्मा, रामवचन प्रसाद, रामानन्द साव, अमरेष कुमार मौजूद रहे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए अधिवक्ता दीनदयाल यादव

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

शनिवार को जिला विधिज्ञ संघ के पुस्तकालय सभागार में वरीय अधिवक्ता सह निवर्तमान अपर लोक अभियोजक स्व. दीनदयाल यादव की 15 वी पुण्यतिथि मनाई गई।

इस अवसर पर उपस्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान, विशेष उत्पाद न्यायाधीश द्वितीय राकेश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी जन्मजय चौधरी, ऋचा कश्यप, डिप्टी रजिस्ट्रार अशोक कुमार पटना हाई कोर्ट, जहानाबाद विधायक सुदय यादव, मखदुमपुर विधायक सतीश दास ने स्व. दीनदयाल यादव के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर मौजूद जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता गिरिजानंदन प्रसाद, सचिव रजनीश कुमार, अधिवक्ता रामाश्रय शर्मा, सुधीर कुमार, पीपी सुरेंद्र प्रसाद, स्वङ्ग दीनदयाल के पुत्र झूलन प्रसाद यादव, प्रोफेसर कामाख्या नारायण सिंह, ने उनके 15वी पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया तथा उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। बताते चले की सभागार में उपस्थित अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया।




## बीए के छात्र ने की खुदकुशी, पंखे के कुंडी से लटका मिला शव

**केटी न्यूज/आरा**

- शाम में भाई से बनवा कर चाय पी और फिर घर में लगा ली फांसी

टाउन थाना क्षेत्र के सब्जी गोला मीरगंज रोड में शनिवार को स्नातक के एक छात्र ने खुदकुशी कर ली । उसका शव देर शाम पंखे के कुंडी से लटका मिला। मृत छात्र सब्जी गोला मीरगंज रोड वार्ड नंबर सात निवासी स्व. धर्मदेव प्रसाद का 24 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार था। घटना से मोहल्ले सहित पूरे इलाके में सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। हालांकि खुदकुशी का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। भाई रंजीत कुमार ने बताया कि उसके बड़े भाई बिल्कुल ठीक थे। किसी तरह का कोई टेंशन नहीं था। शाम करीब तीन बजे वह ट्यूशन पढ़ने जा रहा था। तब भी वह ठीक थे। कुछ देर वह बाद ट्यूशन से लौटा, तो देखा कि उसके भाई फांसी लगाकर लटका है। उसके बाद उसने अपने अन्य परिजनों को सूचना दी। उसके बाद शव को कुंडली से नीचे उतारा।



**भाई से बोला था चाय बना कर दो नहीं, तो बाद में पछताओगे :** छोटे भाई रंजीत कुमार ने बताया कि शाम करीब तीन बजे वह ट्यूशन पढ़ाने जा रहा था। तभी बड़े भाई ने कहा कि भाई चाय बना दो। तब उसने कहा कि तुम बना लो भाई। उसके बाद उसने कहा कि तुम बनाकर पिला दो, वरना पछताओगे। इसके बाद उसने चाय बनायी और दोनों भाई ने पी चाय पी थी। इसके बाद वह ट्यूशन पढ़ाने चला गया। रंजीत कुमार की मानें तो कुछ दिन पूर्व उसके भाई ने उसे 12 सौ रुपये दिया था। तब कहा था कि अपने लिए कपड़ा खरीद लेना। इधर, छात्र की मौत से उसके घर में कोहराम मचा है। बताया जा रहा है कि छात्र अपने दो भाई और चार बहनों में पांचवें स्थान पर था। उसके परिवार में बहन मुनमुन देवी, रजनी देवी, दीपा गुप्ता, पूजा कुमारी और भाई रंजीत कुमार है। उसकी मां पुष्पा देवी और पिता धर्मदेव प्रसाद की मृत्यु कुछ वर्ष पूर्व हो गई थी।

## बीएसएससी परीक्षा के प्रश्न-पत्र मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने की पूछताछ

**केटी न्यूज/आरा**

- आर्थिक अपराध इकाई के निशाने पर हैं सुपौल और बेतिया के कई अभ्यर्थी

23 दिसंबर को बिहार एसएससी ग्रेजुएट कंबाइंड लेवल की पीटी परीक्षा के वायरल प्रश्न-पत्र का आरा कनेक्शन भी जुड़ गया है। वॉयरल प्रश्न-पत्र के बार कोड से स्कैन कर कई जगहों पर आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने पूछताछ की है। सुपौल और बेतिया कई अभ्यर्थी, आर्थिक अपराध इकाई के निशाने पर हैं।

इस बीच शनिवार को टाउन स्कूल परीक्षा केंद्र से बेतिया के छात्र राकेश रौशन को परीक्षा से निष्कासित कर दिया गया है। निष्कासित छात्र भोजपुर जिले की छात्रा पूजा कुमारी के साथ प्रश्न-पत्र और ओएमआर शीट की अदला-बदला कर रहा था। जिले के प्रशासन को भी इसकी भनक लग चुकी थी। खुद भोजपुर डीएम राजकुमार और एसपी संजय कुमार परीक्षा केंद्र पर उपरोक्त दोनों अभ्यर्थियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे। इधर, केंद्राधीक्षक किस्मत कुमार सिंह और वीक्षक ने भी मामले को भांप लिया था। जांच के प्रकरण में उपरोक्त दोनों अभ्यर्थियों का प्रश्न-पत्र और ओएमआर शीट एक-दूसरे से बदला-बदली करते हुए मिला। जिसके बाद दोनों अभ्यर्थी को निष्कासित कर दिया गया।

### बुखार, सांस लेने में परेशानी, शरीर में दर्द और खांसी हैं निमोनिया और कोरोना के लक्षण


# निमोनिया और कोरोना के लक्षण एक समान, दोनों एक समान संक्रामक रोग

**केटी न्यूज/भभुआ**

- लक्षणों की पहचान कर त्वरित प्रबंधन एवं उपचार आवश्यक
- बच्चों में निमोनिया से बचाव में पीसीवी टीका कारगर

कोरोना संक्रमण का प्रसार एक बार फिर हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग अपने अस्पतालों में संभावित कोविड के खतरे से निपटने की तैयारी में जुटा है। लोगों को फिर से मास्क लगाकर ही घर से निकलने की हिदायत दी जा रही है। केंद्र सरकार एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा संभावित कोविड की लहर को देखते हुए एडवाइजरी जारी की गयी है। ऐसे समय में कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले बच्चों और उम्रदराज लोगों में निमोनिया होने की खबरें आ रहीं हैं। कोरोना और निमोनिया दोनों के लक्षण आपस में काफी मिलते जुलते होने के कारण भय व्याप्त होना लाजिमी है।

**कमजोर प्रतिरोधक प्रणाली वाले लोगों को है अधिक खतरा :** सिविल सर्जन डा. मीना कुमारी ने बताया निमोनिया और कोरोना एक समान संक्रामक रोग है जो सबसे पहले एक या दोनों फेफड़ों की क्षमता को प्रभावित करता है. इससे सांस लेने में तकलीफ, बुखार, शरीर में दर्द और थकावट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लक्षण दिखाई देते ही तुरंत चिकित्सीय प्रबंधन जरूरी है क्यूंकि कोरोना के संक्रमण काल में जरा सी देरी भी घातक साबित हो सकती है। खासकर शिशुओं, बच्चों एवं 65 वर्ष से ऊपर आयु वाले लोगों या कमजोर प्रतिरोधक प्रणाली वाले लोगों को निमोनिया और कोरोना संक्रमण का अधिक खतरा होता है। दोनों एक समान संक्रामक रोग है, जो छींकने या खांसने से फैल सकता है। इस समय व्यक्तिगत स्वच्छता, मास्क का नियमित उपयोग, भीड़ वाली जगहों से दूरी और उचित खान पान निमोनिया और कोरोना संक्रमण दोनों से सुरक्षा का सबसे कारगर तरीका है।



**टीकाकरण जरूर करवाएं :** सिविल सर्जन ने बताया कि टीके की दोनों डोज लेकर संक्रमण के दुष्प्रभाव से काफी हद तक बचा जा सकता है। सरकार द्वारा टीकाकरण को लेकर स्पष्ट किया जा चुका है कि सभी व्यक्तियों को आगे आकर टीकाकरण करवाना चाहिए और अपने आस पास के लोगों को टीका लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिन लोगों ने अभी तक अपनी बूस्टर डोज नहीं ली है वह अविलंब लगवा लें। टीके लेने के बाद भी कोविड अनुरूप आचरण जारी रखना एक प्रतिरक्षित व्यक्ति को कोरोना के संक्रमण से बचाने में सहायक साबित होता है।

**बच्चों को निमोनिया से बचाव में पीसीवी वैक्सीन कारगर :** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. आरके चौधरी ने बताया पीसीवी वैक्सीन बच्चों को निमोनिया से बचाने में सहायक होता है। इसे सरकार द्वारा नियमित टीकाकरण में शामिल किया गया है। इसे तीन खुराकों में दिया जाता है तथा यह बच्चों को निमोनिया से बचाने में अहम् भूमिका अदा करता है। दो साल से कम आयु के बच्चों और दो से पांच साल के बच्चों को अलग अलग निमोनिया के टीकों की सलाह दी जाती है।

## खबरें फटाफट

### 31 दिसंबर तक बंद हुए सरकारी व निजी स्कूल

**बक्सर।** बढ़ते शीतलहर के प्रभाव को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी प्राथमिक स्कूलों को 31 दिसंबर तक बंद रखने का निर्देश दिया है। इसके आलोक में बक्सर डीईओ ने आदेश जारी कर 31 दिसंबर तक सभी स्कूलों को बंद करने का निर्देश दिया है। इस बाबत शिक्षा विभाग के द्वारा एक पत्र जारी कर सभी सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालयों के प्राचार्य तथा प्रबंध समिति से जुड़े लोगों को जानकारी दी गई, जिसमें यह कहा गया है कि वह बच्चों तथा उनके अभिभावकों के बीच भी यह जानकारी साझा करें।

### भाजपा की बैठक आयोजित

**केसठ।** केसठ पुराना बाजार स्थित समुदायिक भवन के प्रांगण में शनिवार को भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष चंद्र कांत तिवारी ने किया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 दिसंबर को होने वाली मन की बात में शामिल होने एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जंयती मानने को लेकर तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात को लोगों को हर बूथ पर सुनने को मिलेगा। बैठक में नरेंद्र कुमार पाठक, संतोष तुरहा,अमर सिंह निशांत कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### अगलगी में आधा दर्जन घर जले

**बक्सर।** सिकरौल थाना क्षेत्र के बसाव कला गांव में आगजनी की भीषण घटना सामने आई है। जिसमें स्थानीय महादलित बस्ती के आधा दर्जन झोपड़ीनुमा घर जलकर खाक हो गए है। इस घटना में लाखों रुपए के सामान जले है तथा उन्हें लाखों का नुकसान पहुंचा है। महादलित बस्ती से आग की लपटों को उठता देख गांव वालों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुँच राहत बचाव कार्य में जुट गई है। सिकरौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने इस घटना को लेकर कहा कि आगजनी की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेज दिया गया। हालांकि, इस घटना में किसी की हताहत होने की कोई सूचना अभीतक पुलिस को नही मिली। जबकि, लोग आगजनी का कारण शॉट सर्किट बता रहे है। जिसमें स्थानीय निवासी लक्ष्मी राम, हजारी राम, वशिष्ठ राम, सेठ राम, प्रोफेसर राम के घर चपेट में आ चुके है जिससे लाखो रुपये के सामान जलकर खाक हो गए है ज्ञात हो कि दिन में अगलगी से दूरदराज खेतों में भी काम करने वाले लोग आग देखकर आग पर काबू पाने के लिए प्रयासरत हो गए लोगों के प्रयास के कारण आग अन्य घरों को चपेट में नहीं ले पाया और लोगों ने आग पर काबू पा लिया वही घर में रखे गए सिलिंडर को भी किसी तरह बाहर निकाल कर फेंक दिया, जिससे विस्फोट ना हो सके।

# यीशु का जन्मोत्सव: मेथोडिस्ट हॉस्पिटल में चला गीत-संगीत का समागम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- क्रिसमस सप्ताह के दौरान आयोजित होंगे अलग अलग कार्यक्रम

क्रिसमस डे के आगाज पर एनएच 84 फोरलेन से सटे प्रतापसागर स्थित मेथोडिस्ट हॉस्पिटल में शुक्रवार की शाम प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान देर रात तक नृत्य संगीत की सरिता बहते रही। प्रभु यीशु पर आधारित नाटक-मंचन को देख श्रोता भाव-विभोर हो गये। कार्यक्रम में गीत-संगीत का समा बंधा रहा। इस दौरान कोविड के मानकों का अनुपालन भी किया गया था। कार्यक्रम को मेथोडिस्ट हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ आरके सिंह के साथ ज्यूडिशियल मेंबर ए पी त्रिपाठी, महिला जेल अधीक्षक शालिनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस मौके पर आगत अतिथियों को क्रिसमस डे पर बधाई देते हुए डॉ आरके सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रभु यीशु ने समाज में प्रेम-भाईचारे के साथ शांति का संदेश दिया है। हर मानव को मानवता की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। प्रभु यीशु ने मानव समाज को अच्छे जीवन जीने का रास्ता बताया है। उन्होंने दुनिया को प्रेम व सद्भावना का मार्ग दिखाया है।



क्रिसमस संध्या के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं व अन्य

उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु के सिद्धांतों को अपनाकर हम दुनिया में अमन शांति ला सकते है। क्रिसमस वैश्विक शांति व सद्भाव का पर्व है। प्रभु यीशु के जीवनगाथा पर चर्चा करते हुए कहा कि रोम के शासनकाल में अत्याचार बढ़ा तो प्रभु ने अपने बच्चें जीसस को धरती पर देवदूत के रूप में भेजा था। वह देवदूत अत्याचारी शासक के खिलाफ लड़ाई लड़ी। हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा प्रार्थना सभा के बाद अतिथियों को बुके व पुष्प देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में गीत-संगीत में श्रोता डुबकी लगाते रहे। अभिषेक कुमार के स्वर से श्रोता झूमते रहे जबकि डांस में चिराग श्रीवास्तव एंड आर वैरियर्स ग्रुप के कलाकारी पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाई। डांस एकेडमी के आयोजन रिकी रॉक के निर्देशन में कलाकरों ने गीत-संगीत में अपनी प्रतिभा की प्रस्तुति कर खूब वाहवाही लूटी। कलाकारों की प्रतिभा को दर्शकों ने बखूबी सराहा। मौके पर डॉ सुनीता सिंह, कुन्नू सिंह, अनन्या, इफ्तखार अहमद, अजय राय, विजय सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

**पूरे सप्ताह मनाया जाता है क्रिसमस :** क्रिसमस इसाईयों का सबसे बड़ा त्योहार है। यह 25 दिसंबर से शुरू हो 1 जनवरी तक मनाया जाता है। पूरे सप्ताह इसाई धर्मावलंबियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। अनुमंडल में प्रतापसागर के अलावे पुराना भोजपुर स्थित संत जोसफ गर्ल्स हाई स्कूल के प्रांगण में स्थित कैथोलिक चर्च में भी बड़े ही आकर्षक ढंग से क्रिसमस का त्योहार मनाया जाता है। पूर्व संध्या पर ही इस कैथोलिक चर्च को भी सजा दिया गया है। यहां भी बड़ी संख्या में लोग क्रिसमस मनाने आते है।

## हाईकोर्ट के निर्देश पर हटाया जा रहा है अतिक्रमण, डुमरांव विधायक ने कहा-

# भूमीहीन पर्चाधारियों के घर तोड़ने से पूर्व पक्का मकान देकर बसाने की गारंटी दे राज्य सरकार

- विधायक बोले- जल स्रोतों या जल जीवन हरियाली के नाम पर लोगों का घर उजाड़ना गलत

**केटी न्यूज/नावानगर**

भाकपा माले के स्थानीय विधायक कॉ. अजीत कुमार सिंह ने नावानगर प्रखण्ड के हरोजा गांव में प्रशासन द्वारा जल स्रोतों व जल जीवन हरियाली के नाम पर अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिए गए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हमारे रहते किसी भी गरीब भूमीहीन परिवार का मकान नहीं टूटेगा। नोटिस प्राप्त करने वाले पीड़ित परिवार के लोगों से मिलते हुए विधायक ने कहा कि जल स्रोतों या जल जीवन हरियाली के नाम पर लोगों को उजाड़ना गलत है। उन्होंने कहा कि जांच में पाया गया है कि 80 प्रतिशत लोगों के पास बासगीत का पर्चा निर्गत है। जहां वे



ग्रामीणों से वार्ता करते डुमरांव विधायक व अन्य

पचासों वर्ष से पक्के व कच्चे मकान बनाकर रह रहे हैं।

प्रशासन के द्वारा गरीबों को तंग तबाह करने के लिए कुछ भू माफियाओं के दबाव में नोटिस किया जा रहा है। जबकि सरकार का स्पष्ट कहना है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के किसी गरीब का घर नहीं तोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि फिर भी लगातार प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया जा रहा है। विधायक ने कहा है कि अगर प्रशासन द्वारा रोक नहीं लगाया जाता है तो भाकपा माले जनता के साथ सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेगी। परंतु किसी गरीब का घर तोड़ने नहीं देगी। कड़कड़ाती ठंढ में प्रशासन द्वारा गरीब-भूमीहीनों को बेघर करने का नोटिस देकर अमानवीय कृत्य किया है। विधायक ने प्रशासन से मांग किया है कि अविलम्ब गरीबों को उजाड़ने का नोटिस वापस लिया जाए तथा भूमिहीनों के आवास की व्यवस्था करें। सभी गरीबों के वास-आवास की समुचित व्यवस्था की जाये। इस मामले में विधायक ने कड़े तेवर अपनाते हुए राज्य में चल रहे महागठबंधन के अपने ही सरकार को तगड़ी चुनौती दे डाली है। ज्ञात हो कि विधायक के इसी कड़े तेवर के चलते डुमरांव अंचल में हाईकोर्ट के निर्देश जल संचय केंद्रों को अतिक्रमण से मुक्त करने की करवाई नहीं हो पा रही है। विधायक ने डुमरांव के बाद नावानगर अंचल में अतिक्रमणकारियों के साथ खड़े होकर महा गठबंधन सरकार को चुनौती दे डाली है।

**प्रशासनिक अदूरदर्शिता से उत्पन्न हुई है समस्या :** पूर्व में भूमिहीनों को प्रशासन द्वारा रेवड़ियों की तरह पर्चा बांटा गया था। इस दौरान अंचल प्रशासन द्वारा इस बात की तस्दीक भी नहीं की गई थी कि यह जमीन जलाशय की है या फिर किसी अन्य जरूरी उपयोग की। तब न तो राज्य सरकार द्वारा जल जीवन हरियाली योजना चलाई जा रही थी और न ही हाई कोर्ट द्वारा ही जलाशयों को अतिक्रमणमुक्त करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन अब पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से जलाशयों के अस्तित्व को बचाने की चुनौती भी सरकार के सामने खड़ी है। ऐसे में प्रशासनिक उदासनीता ही इस समस्या की असली वजह बन गई है।

### कोर्ट के निर्देश पर हटाया जा रहा है अतिक्रमण

बता दें कि सरकारी जलाशयों की जमीन से अतिक्रमण हटाने का फरमान माननीय पटना हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दिया है। हाई कोर्ट के आदेश पर ही अतिक्रमण हटाया जा रहा है। राज्यभर में सरकारी जलाशयों को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए सरकार द्वारा सख्त निर्देश दिया गया है। बक्सर जिले में इसकी कवायद भी तेजी से शुरू हो गई है।

## गणितज्ञ वशिष्ठ नारायण के समान विद्वान थे रिटायर्ड शिक्षक स्वर्गीय अरविंद ओझा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सड़क दुर्घटना में जख्मी रिटायर्ड शिक्षक अरविंद ओझा के निधन के बाद उनकी योग्यता एवं विशेषता की चर्चा समाज में होने लगी है। उनके निधन की खबर पर मर्माहत शिक्षक समाज एवं बुद्धिजीवी अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर रहा है। अपने खुशहाल जीवन को उत्सव के रूप में जीने वाले स्वर्गीय अरविंद ओझा की दिनचर्या सुबह 4 बजे स्टेशन आकर अखबार पढ़ने से शुरू करते थे। शिक्षक की नौकरी से सेवानिवृत्त होने के बाद प्रतिदिन 20 किलोमीटर की उनका पैदल चलना हर किसी से कुशल खैरियत करते चलना सबको बरबस याद आ रहा है। रिटायर्ड शिक्षक केदारनाथ पांडेय, राजेन्द्र दूबे व अमरकांत ओझा ने कहा कि उनकी विज्ञान तथा गणित विषय में विद्वता देश के महान गणितज्ञ वशिष्ठ नारायण की तरह थी।



स्व. अरविंद ओझा के छोटे भाई आईएएस अफसर रथीन्द्र कुमार ओझा का कहना है कि अपने जीवन को वे किसी उत्सव की तरह जीते थे। केमिस्ट्री से बीएससी ऑनर्स के बाद वह बीएचयू से मैथमेटिक्स विषय में एमए में टॉप किए थे। चौगाई हाई स्कूल में बतौर शिक्षक वे काफी समय तक काम किए तथा वहीं से सेवानिवृत्त हुए। शिक्षक बिपिन बिहारी श्रीवास्तव दीपचंद राम पंडित विश्वनाथ ओझा ने कहा कि उनके प्रतिदिन लंबी दूरी पदयात्रा करना उनके स्वस्थ रहने का राज था।

## कूड़ा डंपिंग के विरोध में लोगों ने नप के ईओ का पुतला फूंक जताया विरोध

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जनसमस्याओं की उपेक्षा और शहरी आबादी के बीच कूड़ा डंपिंग के विरोध में आक्रोशित लोगों ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार का पुतला फूंक आक्रोश जताया। पूर्व वार्ड पार्षद धीरज कुमार के नेतृत्व में लोगों ने एक जुलूस निकाल शहर के सड़को पर नप के इओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान पूर्व वार्ड पार्षद धीरज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ट्रेनिंग स्कूल के समीप महाकाल मंदिर से कुछ दूर स्थित नहर रोड की सड़क किनारे कूड़ा डंपिंग कर पर्यावरण संरक्षण और शहरी लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इसकी सड़ांध से एक बड़ी आबादी की मुश्किलें बढ़ गयी है। राहगीर भी नाक




नप के खिलाफ नारेबाजी करते लोग

पर रुमाल रख सड़क को पार करने पर विवश है। उस इलाके की स्थिति नारकीय बन गयी है और जल-जीवन-हरियाली पर भी ग्रहण लग रहा है।

उन्होंने पीएम आवास योजना से वंचित बेघर गरीबों को आवास की राशि भुगतान में भेदभाव बरतने का आरोप लगाया। साथ ही शहर की जर्जर जलापूर्ति व्यवस्था और पानी की टैक्स वसूली को तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कूड़े-कचरे के ऊपर पुतला को रख दहन किया गया। आक्रोशितों ने कहा कि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जन आंदोलन करने पर विवश होना पड़ेगा। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद सोनू राय, पूर्व चेयरमैन कमलेश प्रसाद, गुलाम सरवर, नेपाली सिद्दकी, टीपू सिंह, डब्लू मिश्रा, मिंटू सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### राइजिंग सन स्कूल में बाल मेला का हुआ आयोजन, बच्चों ने बनाये लजीज व्यंजन



**डुमरांव।** राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को विद्यालय परिसर में बाल मेला का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने अपने नन्हें हाथों से कई तरह के लजीज व्यंजनों को बनाकर प्रदर्शनी लगायी थी। इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के डायरेक्टर ब्रह्मा ठाकुर और प्रधानाचार्य वेंकटेश्वर सर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बच्चों ने अपने व्यंजन स्टॉलों पर देसी आइटमों की प्रस्तुति कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। स्टॉलों में लिट्टी-चोखा, गाजर का हलवा, कचौड़ी, टिकिया, गोलगप्पे आदि व्यंजन का स्टॉल लगाकर लोगों को अपनी तरफ आकर्षित किया। वहीं दूसरी ओर चाइनीज फास्ट फूडो का भी स्टॉल लगाया गया था। जिसकी सबों ने सराहना की। इस दौरान डायरेक्टर ब्रह्मा ठाकुर ने कहा कि आज के बच्चें चाइनीज फास्ट फूड के स्वाद के कायल बने है। ऐसे व्यंजनों के खाने से सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ता है और आने वाले समय में गंभीर बीमारियों का शिकार होना पड़ता है। उन्होंने देसी व्यंजनों पर जोर देते हुए कहा कि स्कूल के बच्चें देसी स्वाद की तरफ अपना रुझान बनाया है। इससे सेहत और स्वस्थ रहने की संभावनाएं अधिक बनी है। इस दौरान अभिभावकों ने स्टॉलों का अवलोकन कर व्यंजनों की खरीदारी की तथा उसका स्वाद चखा और बच्चों की तारीफ की। मौके पर फतेहबहादुर ठाकुर, विष्णु ठाकुर, आकाश कुमार, विशाल कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### रामानुजन टैलेंट सर्च में डीएवी स्कूल का छात्र बना जिला टॉपर, प्राचार्य ने किया सम्मानित



**डुमरांव।** बिहार सरकार द्वारा राज्य स्तर पर कराए गए बिहार काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च इन मैथमेटिक्स परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल डुमरांव के वर्ग 8 का छात्र ओम आनंद जिला टॉपर बना है। पटना के विज्ञान भवन में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्य के वित्त मंत्री विजय चौधरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह शिक्षा सचिव दीपक कुमार सिंह एवं अन्य गणमान्य लोगों के हाथों सम्मानित होकर डुमरांव लौटे छात्रों को डीएवी के प्राचार्य घनश्याम सहाय ने मेडल देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने बताया कि राज्य स्तरीय इस परीक्षा में डीएवी स्कूल डुमराव के वर्ग आठ के छात्र ओम आनंद जिला टॉपर बना है। जबकि डीएवी स्कूल के आदित्य कुमार पांडे ने तीसरा स्थान तथा मनीष कुमार टॉप टेन में शामिल है। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्राचार्य ने कहा कि डीएवी स्कूल के योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों तथा छात्रों के कठिन परिश्रम के बदौलत डीएवी स्कूल डुमरांव को यह सम्मान पूरे जिले और बिहार में मिला है। उन्होंने क्लास टीचर दीपक कुमार सिंह के प्रयासों का सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय के इस उपलब्धि में शिक्षक मुकेश सिंह संतोष पांडे सतीश कुमार शशि शेखर सिंह नीतीश कुमार आदि का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल डुमरांव के छात्र पूरे राज्य में अपना नाम कर रहे हैं। उधर बेटे के शानदार सफलता पर ओम आनंद के पिता उदय प्रताप सिंह एवं माता बिंदु सिंह ने डीएवी स्कूल के शिक्षक तथा अपने बेटे के परिश्रम की सराहना की है।

### बक्सर में रोजगार मेला 27 को, 100 युवाओं को मिलेगी 35 हजार रुपए की नौकरी

**बक्सर।** राज्य सरकार के श्रम संसाधन विभाग के निर्देश पर आगामी 27 दिसंबर को जिला नियोजनालय बक्सर के तत्वाधान में आइटीआई फील्ड स्थित संयुक्त श्रम भवन में एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 100 युवाओं को 35 हजार रुपये प्रतिमाह तक के वेतनमान पर जानी-मानी कंपनियों में नौकरी मिलेगी। इस रोजगार मेले की सबसे खास बात यह है कि दसवीं पास युवा भी रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी ने कहा कि रोजगार के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 27 दिसंबर को जिला नियोजनालय में सुबह 10 बजे से लेकर संध्या चार बजे तक सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों के साथ जिला नियोजनालय में आएं और अवसर का लाभ उठाएं। जहां पर युवाओं का रजिस्ट्रेशन एनसीएस पर निःशुल्क किया जाएगा। जिससे उन्हें भविष्य में भी रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार शिविर में आमधाने इंडिया के द्वारा याकी इंडिया, अशोक लीलैंड, धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड, केएचवाई टेक्नालॉजिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड तथा आयशर मोटर्स में रोजगार के अवसर पर लाए गए हैं, जिसमें जिले के 10वीं पास 18 से 36 वर्ष के युवकों को रिन्यूएबल एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग तथा ऑटोमोबाइल्स के क्षेत्र में हेतु कार्य मिलेगा। सभी पदों के लिए आमधाने इंडिया स्वयं की चयन प्रक्रिया अपनाते हुए नियुक्ति करेगी। कंपनी के द्वारा कुल 100 से अधिक रिक्तियां दिखाई गई हैं। युवाओं को कार्यस्थल के रूप में नोएडा, गुजरात, तमिलनाडु, इंदौर एवं पुणे जैसे शहरों को चुनना होगा। रोजगार समाचार में कंपनी के द्वारा वेतनमान 11 हजार रुपये प्रतिमाह से 35 हजार रुपये प्रतिमाह बताया गया है।

## बैगलेस डे पर कोरान सराय थाना प्रभारी ने स्कूली बच्चों को किया संबोधित

# छात्रों के नैसर्गिक विकास में मील का पत्थर है बैगलेस डे: रंजीत कुमार

- छात्रों की प्रस्तुति व शिक्षकों के प्रयास की हुई सराहना

**केटी न्यूज/डुमरांव**

राज्य सरकार द्वारा शनिवार को बैगलेस डे घोषित किया गया है। यह कार्यक्रम छात्रों के नैसर्गिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे उनके अंदर छिपी प्रतिभा प्रस्फुटित होगी। उक्त बातें कोरानसराय के थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने शनिवार को स्थानीय मध्य विद्यालय में कही। अवसर था विद्यालय में मनाए जा रहे 'बैगलेस डे' के तहत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का।



छात्राओं को सम्मानित थाना प्रभारी

थानाध्यक्ष स्कूल प्रबंधन के विशेष आग्रह पर आए थे। उन्होंने कहा कि यह सरकार की बहुत अच्छी पहल है तथा इससे छात्रों में पढ़ाई के प्रति रूचि पैदा होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच थाना प्रभारी की उपस्थिति से बच्चें भी काफी उत्साहित दिखे। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर किया गया। इस दौरान वर्ग सात की दो छात्राओं ने हस्तनिर्मित क्रिसमिस ट्री उपहार स्वरूप प्रदान करके थाना प्रभारी का अभिवादन भी किया। थाना प्रभारी ने भी अपने संबोधन में बच्चों के सर्वांगीण विकास, शिक्षा एवं जीवन में अनुशासन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा से ही एक बेहतर समाज का निर्माण की कल्पना की जा सकती है और शिक्षा के लिए जीवन में अनुशासन का होना बेहद जरूरी है। आज के बदलते हुए माहौल और बदलते हुए समाज में हमें बहुत सचेत और सावधान रहने की आवश्यकता है। टीन एजर्स में भटकाव की संभावना अधिक होती है। अतः इस उम्र में अत्यधिक सजग रहने की जरूरत है। शिक्षकों के मार्गदर्शन में समय का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। अंत में उन्होंने छोत्रों की प्रस्तुति और शिक्षकों के प्रयास की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामानाएं दी।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा छात्रों पर पड़ रहे बैग के अतिरिक्त बोझ को कम करने तथा तथा उनके नैसर्गिक विकास के लिए प्रत्येक शनिवार को बैगलेस डे घोषित किया है। इस दिन स्कूलों में छात्र बैग लेकर नहीं जाते है तथा सिलेबस से अलग हटकर ऐक्टिविटी बेस्ट लर्निंग से ज्ञान अर्जन कर रहे है। बैगलेस डे के कारण छात्रों में पढ़ाई तथा नियमित स्कूल जाने के प्रति रूचि लगातार बढ़ रही है। कोरानसराय मध्य विद्यालय में प्रत्येक शनिवार को यह दिन बड़े ही रोचक तरीके से मनाया जा रहा है। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक छोटे लाल गोंड ने जबकि संचालन शिक्षक सह कवि हृदय पूणानंद मिश्र ने किया। मौके पर संजय कुमार राय, दया शंकर तिवारी, धीरज पांडेय, रामकृष्ण मूर्ती, ओम प्रकाश, शशीकांत, वीणा राय, कुसुम कुमारी, शबनम, सपना कुमारी, दिव्या कुमारी, ज्योति कुमारी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## छोटी खबरें

### सेवायोजन विभाग की वेबसाइट पर करें पंजीकरण

**बलिया।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि शासन के निर्देशनुसार विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से जिलेबार भर्तिया की जा रही है । इन भर्तियों में आवेदन करने के लिए सेवायोजन विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण आवश्यक होता है। सेवायोजन विभाग की वेवसाइट पर आउटसोर्सिंग का कॉलम खोलने पर विभिन्न विभागो में जिले वार आउटसोर्सिंग से होने वाली भर्तिया प्रदर्शित होती रहती है। सेवायोजन विभाग की वेवसाइट पर विभिन्न विभागों में जिले वार आउटसोर्सिंग से होने वाली भर्ती में सेवायोजन विभाग की वेबसाइट पर पंजीकृत वेरोजगार अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकतें है।

### संपूर्ण समाधान दिवस पर लोगों ने सुनाई अपनी समस्याएं

**मऊ।** मोहम्दाबाद गोहना कोतवाली परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार राहुल कुमार गुप्ता की। उन्होंने पीड़ितों की समस्या सुनते हुए मामलों का निस्तारण करने हेतु निर्देश दिए हैं। इस मौके पर ग्राम सिया बस्ती निवासी सीताराम एवं निरहू रास्ते को अतिक्रमण कर बाधित किए जाने के संबंध में तथा ग्राम बर हद पुर निवासी सरिता देवी पत्नी स्व. विनोद कूट रचित तरीके से बैनामा करा कर जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को रोकने के संबंध में प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाया। जिस पर तहसीलदार ने प्रार्थना पत्र की जांच कर संबंधित विभाग के आख्या मांग कर मामले का निस्तारण करने के आदेश दिए हैं। जबकि पड़े 15 प्रार्थना पत्रों में से एक मामले का निस्तारण मौके पर किया गया।

### बिजली चोरी में 12 पर एफआईआर

**गाजीपुर।** शहर के विभिन्न मोहल्लों में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान जारी है। इसके तहत विभागीय अधिकारियों की टीम ने जगह-जगह छापेमारी की। जिसमें 12 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें कि विद्युत वितरण खंड द्वितीय अंतर्गत शहर क्षेत्र के नुरुदीनपुरा, जुड़न शहीद मुहल्ले में तड़के साढ़े चार बजे अधिशासी अभियंता संजय सिंह एवं सहायक अभियंता सुधीर कुमार के नेतृत्व में विजिलेंस के साथ संयुक्त छापेमारी की गई। जिसमें बिजलेंस थाना प्रभारी धनंजय यादव, बिजलेंस जेई पंकज चौहान समेत समस्त पुलिस कर्मी मौजूद रहे। अधिशासी अभियंता संजय सिंह ने बताया की शासन के निर्देशानुसार विजिलेंस टीम के साथ संयुक्त छापेमारी नुरुदीनपुरा, जुड़न शहीद मुहल्ले में भोर में तकरीब चार बजे किया गया। बहुत दिनों से शिकायत मिल रही थी की इस मुहल्ले में धड़ल्ले से केबिल बाईपास करके विद्युत चोरी हो रही है।

# हंगामे की भेंट चढ़ी जिला पंचायत की बैठक, सदन में धरने पर बैठे पंचायत सदस्य

- आक्रोशित सदस्यों ने अध्यक्ष पर लगाया आरोप, कहा- अध्यक्ष कर रहीं भेदभाव
- जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा- सदस्यों का रवैया गलत, शांति से हो सकती थी बात

केटी न्यूज/गाजीपुर

जिला पंचायत सदस्य सदन में उस समय गहमा गहमी बढ़ गई, जब बैठक में शामिल होने बाए जिला पंचायत सदस्यों ने सदन में ही धरना शुरू कर दिया। नौ माह बाद हुई यह बैठक बीते शनिवार को हंगामे की भेंट चढ़ गई। बताया जाता है कि जिला पंचायत सदस्य सदन में पिछले 9 माह से किसी भी प्रकार की बैठक नहीं हुई थी। जिसको लेकर पंचायत सदस्यों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा था। हालांकि, सपा के विधायक ने गत दिनों ही जिला पंचायत सदस्यों की बैठक कराने की बात उठाई थी। जिसके बाद 24 दिसंबर को बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें जमानिया, जखनियां, जंगीपुर व सदर विधानसभा के विधायक शामिल हुए। साथ ही, शिक्षक एमएलसी और भाजपा के प्रखंड प्रमुख भी शामिल हुए। बैठक के शुरू होते ही विपक्ष जिला पंचायत सदस्यों ने अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों का मुद्दा उठाते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष पर भेदभाव बरतने का आरोप लगाया गया। इसके अलावा सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष पर विभिन्न आरोप लगाते हुए दर्जनों जिला पंचायत सदस्य सदन के अंदर ही धरने पर बैठ गए।


सदन में धरने पर बैठ हंगामा करते सदस्य

### 2023-2024 के लिए करोड़ो का हुआ अनुमोदन

हालांकि, लंबे समय के बाद जिला पंचायत की बैठक में विधायकों के समन्वय के बीच सदस्यों को शांत कराया जा सका। उसके बाद बैइक की विधिवत संचालन के साथ जिला पंचायत का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2022-2023 के अवलोकन के बाद मूल बजट 2023-2024 का करोड़ों रुपए का अनुमोदन किया गया। इधर, मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने बताया कि जिला पंचायत के साल में कुल 3 बैठक होनी है। बैठक के लिए पूर्व में समय भी दिया गया था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से बैठक निरस्त कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि आगामी 31 मार्च तक हमारे पास समय है। इस दौरान शेष बची दो बैठक भी करा ली जाएगी। बैठक में सदस्यों ने हंगामा किया, जो गलत है। वह शांतिपूर्ण तरीके से बैठकर भी बात कर सकते थे।

वहीं, पंचायत के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर हंगामा किया और सदन के अंदर धरना भी दिया।

**जिला पंचायत सदस्यों को नहीं दिया जा रहा है कार्य :** विपक्ष ने जिप. सपना सिंह पर निशाना साधते हुए आक्रोश शुरू कर दिया। उनकी ओर से स्ट्रीट लाइट, सुंदरीकरण, सड़क निर्माण समेत कराए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। इस दौरान विधायक डॉ. वीरेंद्र यादव ने सपना सिंह की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष के जिला पंचायत सदस्यों को कार्य नहीं दिया जा रहा है। यदि काम नहीं कराएंगे, तो क्षेत्र की जनता को क्या जवाब देंगे। विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा करना शुरू दिया और सत्ता पक्ष के सदस्यों ने इसका विरोध किया। जिला पंचायत के कई सदस्य वेल में आ गए तो प्रखंड प्रमुखों ने अलग ही मोर्चा खोल दिया। एक घंटे से अधिक सदस्य हंगामा, नारेबाजी और आक्रोश जताते रहे।

## बलिया में कोहरे के कारण अलग-अलग इलाकों में हुआ हादसा

# हादसों का शनिवार: 24 घंटे में तीन स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग जख्मी

- कहीं पलटा पिकअप, तो कहीं दो वाहनों के बीच हुई जोरदार टक्कर
- सभी जख्मियों का सरकारी अस्पताल में हो रहा इलाज, एक की हालत गंभीर

केटी न्यूज/बलिया

जनपद में कोहरे के कारण अलग अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं के कारण हादसों का शनिवार रहा। जिसमें आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। हालांकि, इन दुर्घटनाओं में किसी की भी जान नहीं गई। लेकिन, इन हादसों से लोगों को सबक लेते हुए ठंड में सड़क मार्ग से सफर करने के दौरान एहतिहात बरतने का सबक लेना चाहिए। ताकि, कोहरे के दौरान सड़क पर चलते हुए वो दुर्घटनाओं का शिकार न हो सकें। बीते दिन शनिवार को 24 घंटों में तीन स्थानों पर दुर्घटनाएं हुई। जिसमें दो हादसे सिकंदरपुर में ही हुए। वहीं, एक दुर्घटना हल्दी थाना क्षेत्र में हुई। पहली घटना जनपद के खेजुरी थाना अंतर्गत बलिया-सिकंदरपुर मार्ग की है। जिसमें बहेरी चट्टी से करीब 200 मीटर पहले शुक्रवार की देर रात खड़े ट्रैक्टर-ट्राली से मैजिक की टक्करा गई। इसमें मैजिक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया। जहां से चिकित्सकों ने जांचोपरान्त एक व्यक्ति की स्थिति को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बताया जाता है कि नगरा थाना क्षेत्र के तीन व्यापारी बलिया से मैजिक से सिकंदरपुर की तरफ आ रहे थे। जनुवान और बहेरी के बीच सड़क पर पहले से खड़े ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से मैजिक ने जोर से टक्कर मार दी। इससे मैजिक का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमे सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर ग्रामीणों ने मैजिक सवार नगरा थाना क्षेत्र के यशपाल, मोतीचंद व जयनाथ यादव को मैजिक से बाहर निकाला और सीएचसी सिकंदरपुर भिजवाया। जहां से डॉक्टरों ने मोती चंद यादव को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उनकी स्थिति अभी भी गंभीर बताई जा रही है।


दुर्घटना के बाद बस की ओर जाते ग्रामीण

### कोहरे के कारण नहर में पलटा पिकअप

दूसरी घटना सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के बिच्छीबोझ नहर के पास की है। जिसमें शनिवार को तड़के करीब पांच बजे कुक्कुट लदी एक पिकअप पलट गया। इससे पिकअप पर लदी लगभग 10 कुंतल मुर्गियां डूब कर मर गई।बताया जाता है कि नगरा थाना क्षेत्र के जमीन पड़सरा निवासी कलीम अपनी पिकअप पर 10 कुंतल मुर्गीयां लेकर विभिन्न केंद्रों पर डिलीवरी देने लखनापार-बिच्छीबोझ नहर मार्ग से आ रहा था। जैसे ही वह बिच्छीबोझ गांव के समीप पहुंचा घने कोहरे के कारण पिकअप असंतुलित होकर नहर में पलट गया। जिससे उसमें लदी मुर्गियां डूबकर मर गई। वहीं चालक कलीम भी घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने कलीम को पिकअप से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर ले गए। जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

**बलिया में खड़े ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई मैजिक :** तीसरी घटना हल्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 31 पर की है। जिसमें मझौवां पंचमुखी हनुमान मंदिर से 100 मीटर पूरब ढलाई मशीन और बस में भीषण टक्कर हो गयी। हादसे में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें एम्बुलेंस के सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह ढलाई मशीन बैरिया से बलिया की ओर जा रही थी। मशीन अभी मझौवां पंचमुखी हनुमान मंदिर के करीब पहुंची थी, तभी सड़क पर बस घुमाते समय जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ढलाई मशीन पर सवार बैरिया थाना क्षेत्र के दयाछपरा निवासी बचपन यादव (55) व कृष्णा राम (34) पुत्र रामकृष्ण घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही डायल 100 पहुंच गई। पुलिस ने एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## हमारा सौभाग्य है कि जासूसी शब्द ने हमारे गांव से जन्म लिया: बलवंत सिंह

- गोपालराम गहमरी साहित्यकार महोत्सव एवं सम्मान समारोह 2022 का हुआ शुभारंभ

केटी न्यूज/गाजीपुर

सेवराई तहसील अंतर्गत मां कामाख्या महाविद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को साहित्य सरोज पत्रिका द्वारा आयोजित गोपालराम गहमरी साहित्यकार महोत्सव एवं सम्मान समारोह 2022 महोत्सव का शुभारंभ ग्राम प्रधान गहमर के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए ग्राम प्रधान गहमर बलवंत सिंह ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि यहां जासूसी शब्द हमारे गांव से जन्म लिया, उससे भी बड़ा सौभाग्य यह है कि आप हमारे गांव हमें कुछ सिखाने आए हैं।

यह गांव एक ऐसा गांव है, जिसका 700 सालों का सुनहरा इतिहास है, सैनिकों एवं साहित्यकारों का संगम है। इस गांव में यह आयोजन एक साहित्य कुंभ की भांति है, जहां आप सब साहित्य रस धारा में डूबकी रहे हैं। उसके बाद रेल आंदोलन के संयोजक नागरिक अभिनंदन हुआ। साहित्यकारों में कोटा से रघुराज सिंह कर्मयोगी, चित्तौड़गढ़ राजस्थान से राजकुमार जैन, कोलकाता से जीतेंद्र जितांशु पटना से विभा रानी श्रीवास्तव, मुंगेर से काव्यकृति, पूना से सुवर्णा जाधव, गाजियाबाद विष्णु सक्सेना मौजूद रहे। प्रशांत सिंह, विकास सिंह, रीवा सिंह, पूजा सिंह, सरिता त्रिपाठी, अशोक सिंह, हरे राम सिंह, लल्लन मिश्र, योगेश सिंह, दुर्गा चौरसिया, दीपक सिंह व मुस्कान ने फैशन शो प्रस्तुत किया।

## लोगों की समस्याओं से रू-ब-रू हुए एसडीएम

- समाधान दिवस को लेकर एसडीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

केटी न्यूज/गाजीपुर

जनपद के कासिमाबाद कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस पर एसडीएम ने फरियादियों की समस्याओं को सुनी। इस दौरान कुल नौ मामले आए। जिसमें एक का निस्तारण किया गया। बाकी मामलों को संबंधित विभाग को भेज दिया गया।

थाना समाधान दिवस के मौके पर अमवा सिंह गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने कासिमाबाद थाना परिसर में प्रदर्शन करते हुए जलाशय एवं कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध अतिक्रमण व जांच के संबंध में कासिमाबाद एसडीएम को पत्रक सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सभा में पूर्व प्रधान मुनीब अंसारी द्वारा कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराया गया है जो अवैध है। जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की जा चुकी है और अब तक पैमाइश नहीं हुई है ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के 18 बीघा ताल है जिसमें पूर्व प्रधान के द्वारा 6 बीघा तालाब को 29बी करके अपने नाम दर्ज कर लिया। यही नहीं पड़ोस के अम्हट गांव में भी साढ़े चार बिगहा जमीन अपने नाम और अपने परिजनों के नाम दर्ज कराया गया है। कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा कर ट्यूबल लगाना, स्कूल खोलना, मस्जिद निर्माण का ग्रामीणों के द्वारा आरोप लगाया गया। एक पीड़ित व्यक्ति ने कहा कि जीआरएस पर शिकायत दर्ज करने के बाद फोन द्वारा धमकी दी जा रही है।


शिविर में फरियादी की समस्या सुनते एसडीएम

## एक नजर

### गाजीपुर में हाई-वे पर अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार कार, चालक की मौत




**गाजीपुर।** गाजीपुर से वाराणसी जा रही तेज रफ्तार कार नंदगंज थाना क्षेत्र के कुसम्हींकलाँ गांव के पास शनिवार को अपरान्ह दो बजे अनियंत्रित होकर हाइ-वे के किनारे गड्ढ़े में पलट गई। जिसमें कार चालक की घटना स्थल पर मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। बता दें कि बिहार से उपेंद्र कुमार, तरुण कुमार निवासी गरखा सारन जिला छपरा, राकेश वर्मा निवासी जयप्रकाश नगर जिला मुजफ्फरपुर व गाड़ी चालक संजय श्रीवास्तव गोपालगंज विहार के निवासी थे। सभी लोग वाराणसी में बजाज इंश्योरेंस कंपनी के मीटिंग में सम्मलित होने जा रहे थे। तभी कुसम्हीकलाँ गांव के पास कार अनियंत्रित होकर हाइ-वे के किनारे गड्ढे में पलट गई। जिसमें कार चालक संजय श्रीवास्तव की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि उपेंद्र कुमार, तरुण कुमार व राकेश वर्मा घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल व मृतक को मर्चरी हाउस भेज दिया। पुलिस ने घायलों के परिजनों को सूचना देने के बाद गाड़ी को थाना ले गई।

### चोरी की बाइक के साथ दो अपराधी गिरफ्तार




**बलिया।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध उन्मूलन एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को भोर में नगरा पुलिस ने चोरी की चार बाइक, कल पुर्जे व एक नाजायज असलहा के साथ दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि थाने के उपनिरीक्षक राम सकल यादव मय हमराह भोर में क्षेत्र में गश्त पर निकले थे और थाना क्षेत्र के मलप चट्टी के समीप वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी एक बाइक पर दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए जो पुलिस को देखकर भागने लगे। शंका होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनो संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर दोनों बदमाशो ने अपना नाम क्रमशः रवि कुमार निवासी मलप हरसेनपुर, थाना नगरा तथा प्रेम कुमार चौहान निवासी पांडेयपुर थाना फेफना जनपद बलिया बताया। पुलिस द्वारा जमा तलाशी लेने पर उनके पास से एक अवैध असलहा बरामद हुआ। बाइक का कागज मांगने पर बदमाश कागज न दिखाते हुए पुलिस को गुमराह करने की कोशिश किए लेकिन पुलिस द्वारा कड़ाई से पेश आने पर बताया कि बाइक चोरी की है। बदमाशो के निशानदेही पर पुलिस ने अन्य तीन बाइक व कलपुर्जे बरामद कर बदमाशो को थाने ले आई तथा सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पकड़े गए दोनों बदमाशो के खिलाफ पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं।

### हत्या मामले में तीन को आजीवन कारावास



**बलिया।** अपर जिला जज गोविंद मोहन की अदालत ने 15 वर्षीय किशोर की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 25 जून 2014 को हुई इस वारदात के मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह फैसला दिया है। जानकारी के मुताबिक 25 जून 2014 की रात बलिया जिले के गड़वार थाना क्षेत्र के विश्वनाथ इंटर कॉलेज के पास कक्षा 10 के छात्र सिद्धार्थ निवासी मल्हौवा मनियर की धोखे से बुलाकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सिद्धार्थ के चाचा उदय प्रताप सिंह की तहरीर पर सुभाष, कैलाश और श्रीकांत मुसहर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की हत्या की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच के बाद अदालत में सुभाष, कैलाश और श्रीकांत मुसहर के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। अपर जिला जज गोविंद मोहन की अदालत ने सुनवाई के बाद तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### 25 गांव के 500 लोगों के बीच कंबल वितरित



**मऊ।** दोहरीघाट ब्लाक अन्तर्गत बसियाराम निवासी कुष्ठ सेवा आश्रम के अध्यक्ष संस्थापक समाजसेवी स्व प्रभुनाथ त्रिपाठी की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर करीब 25 गांव के 500 लोगों के बीच कम्बल वितरण उनके पुत्र संजय त्रिपाठी व सुनील त्रिपाठी के द्वारा मुख्य अतिथि पार्वती महिला पीजी कालेज के प्रबंधक डॉ. विपिन बिहारी द्विवेदी व अन्य अतिथियों द्वारा कराया गया। मुख्य अतिथि डॉ. बिपिन बिहारी द्विवेदी ने कहा कि प्रभुनाथ त्रिपाठी सेवा भाव से भरपूर थे उनका समर्पण भाव देखते ही बनता था। उनका कोई सानी नहीं था, वे छल कपट से कोसो दूर थे। उनका विराट व्यक्तित्व ही उनका आकर्षण था। वहीं उनके बेटे संजय त्रिपाठी ने कहा कि मेरे पिताजी कहा करते थे गरीबों की सेवा करो, उनके मर्म को समझो। कुष्ठ सेवा आश्रम उनकी सोच थी जिससे गरीब लाभ उठा सकें। पुण्यतिथि पर निर्मला देवी बच्ची देवी सुभावती झगरू रामसत्तन पाल समेत गोठा फरसरा बसियाराम कोरौली सडासो जमीरा चौराडीह के पच्चीस गांवों के करीब 500 लोगों को कम्बल वितरण किया गया। इस अवसर पूर्व सपा प्रत्याशी राजेंद्र मिश्रा एलडी यादव विनय कुमार द्विवेदी पुष्प राज सिह शशाक त्रिपाठी समेत आदि लोग रहे।

## गुड गवर्नेन्स के अंतर्गत जनपद में संचालित विभिन्न विभागों की कार्यवाहियों को किया जा रहा दुरुस्त

# सुशासन सप्ताह के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का होगा निस्तारण

- जिलाधिकारी ने अधिकारियों को योजना के उद्देश्य से कराया अवगत
- प्राथमिकता के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को निस्तारित करने का दिया निर्देश

केटी न्यूज/गाजीपुर

जनपद प्रशासन के द्वारा गुड गवर्नेन्स के अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली, स्वास्थ्य, शिक्षा, शिकायत निवारण आदि के क्षेत्रों में की गई कार्यवाहियों को दुरुस्त करने के लिए सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में प्रशासन गांव की ओर चला विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों चर्चा करते हुए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कहा कि ग्रामीण अंचल क्षेत्रों की ऐसी बहुत समस्याएं होती हैं, जिन तक जनपद या ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों तक पहुंच नहीं पाती हैं। ऐसे में उन समस्याओं का समाधान समय से न होने के कारण ग्रामीण स्तर के लोगों को लंबी अवधि तक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। साथ ही, समस्याओं का निस्तारण नहीं होने से उक्त क्षेत्र में विकास भी अवरूद्ध होता है। जिसे देखते हुए शासन के निर्देश पर जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों की छोटी से छोटी समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर निस्तारण के लिए सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है।


अधिकारियों के साथ बैठक करती जिलाधिकारी

**लोगों की समस्याओं का निस्तारण करें :** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कहा कि सुशासन सप्ताह के तहत जनपद, तहसील, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण करें। साथ ही, शासन द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित व छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करेंगे। चरित्र प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन व्यवस्था जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में चरित्र प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की शुरूआत की गयी है। जिसके क्रम में कार्रवाई भी शुरू कर दी गयी है। जिसमें एक सप्ताह के अन्दर चरित्र प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने का आदेश दिया गया है। इसके अन्तर्गत प्रमाण पत्र भी जारी किया जा चुका है।

**लोगों की जरूरतों और मांगों को ध्यान में रखना चाहिए :** जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के सतत विकास के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए योजनाओं को वास्तविक रूप से निचले स्तर पर रहने वाले लोगों की जरूरतों और मांगों को ध्यान में रखना चाहिए। उसके बाद उन मांगों और जरूरतों को एक पारदर्शी, प्रभावी और जवाबदेह तरीके से नवीनतम तकनीकी साधनों के माध्यम से लागू किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों व जनपद स्तरीय अधिकारियों ने पूर्व में तथा चल रहे सुशासन सप्ताह के दौरान प्राप्त उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।